वर्ष: 14 - अंक : 147, मुंबई, सोमवार, 5 अगस्त, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल ®
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर







# महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार की संभावना



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** विधानसभा चुनाव में कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सोमवार को अचानक दिल्ली जाने का कार्यक्रम बन जाने से महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा एक बार फिर से जोर पकड़ने लगी है। खबर है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सोमवार को अचानक दिल्ली जानेवाले हैं। वहां उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की योजना है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जाएंगे दिल्ली!

### 20 सितंबर के बाद आचार संहिता की घोषणा

कांग्रेस की समीक्षा बैठक रविवार को मुंबई में हुई तो सीट बंटवारे को लेकर एमवीए की बैठक 7 अगस्त को होनेवाली है। इसमें शिवसेना (उद्धव गुट), कांग्रेस, राकां शरदचंद्र पवार सहित एमवीए के घटक दलों के प्रमुख नेता शामिल होंगे। वहीं, महायुति सरकार में मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने रविवार को कहा कि राज्य में 20 सितंबर के बाद चुनावी आचार संहिता की घोषणा हो सकती है। इसी के साथ पाटिल ने बीजेपी के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकताओं से चुनावी तैयारियों में गंभीरता से जुड़ने का आवाहन किया।



# प्रकाश आंबेडकर के बयानों से गरमाई राजनीति

## बोले- मराठा आरक्षण चाहिए तो हमें सत्ता दो

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** ओबीसी आरक्षण बचाने के लिए रैली निकाल रहे वंचित बहुजन आघाड़ी के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने रविवार को कहा कि यदि मराठा समुदाय को आरक्षण चाहिए तो वे हमें सत्ता दें। तो वहीं उन्होंने यह भी कहा कि कुणबी मराठों के कारण ओबीसी आरक्षण खतरे में पड़ सकता है। इसलिए ओबीसी समाज विधानसभा चुनाव में कुणबी मराठों से सावधान रहें। कुणबी मराठा उम्मीदवारों को वोट न दें। उनके इस बयान के बाद जहां मराठा और ओबीसी के बीच तनाव और बढ़ने का खतरा बढ़ गया है वहीं राज्य की राजनीति भी गरमा गई।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# चलते-चलते फिर रुकी मुंबई की मोनो रेल

## यात्री हुए परेशान



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई में रविवार सुबह अचानक बीच रास्ते मोनो रेल ट्रेन रुक गई। इस वजह से अंदर बैठे यात्री परेशान हो गए। वे लोग बाहर आने को लेकर असमंजस में थे। बता दें कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, जब मोनोरेल अचानक रुक गई हो। कई बार ऐसा मामला सामने आया है, लेकिन कोई फैसला नहीं लिया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को रेलवे में मेगा ब्लॉक होने के कारण लोग मोनो से यात्रा करना पसंद करते है। आम दिनों के मुकाबले रविवार को यात्रियों की संख्या ज्यादा होती है। लेकिन रविवार को 2 मोनो के बीच का अंतराल भी ज्यादा होता है। इस वजह से लोग परेशान हो जाते है। कुछ महीनों पहले जब दोपहर को स्कूल के बच्चे अपने घर जाने के लिए मोनो से यात्रा कर रहे थे। उस वक्त भी मोनो किसी तकनीकी समस्या वजह से रुक गई और अंदर बैठे स्कूल के बच्चे संग अन्य यात्री परेशान हो गए थे।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# मराठवाडा में आकर खबर लूंगा, राणे की चेतावनी

## मनोज जरांगे बोले- खोखली धमकी न दें

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई। मराठा आंदोलनकारी मनोज जरांगे पाटिल ने रविवार को पहली बार बीजेपी के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे पर हमला बोला। मनोज ने कहा कि मैं नारायण राणे का सम्मान करता हूं। इसलिए उन्हें कुछ नहीं कहते हूं लेकिन मैं शांत हूं तो राणे मुझे खोखली धमकी न दें। अन्यथा यदि मैं एक बार शुरू हो गया तो रुकूंगा नहीं। ऐसी चेतावनी देते हुए मनोज जरांगे ने पूर्व सांसद पुत्र नीलेश राणे से अपने पिता नारायण राणे को समझाने की अपील की। (शेष पृष्ठ 3 पर)





### मनोज जरांगे का तीखा जवाब

नारायण की चेतावनी पर मनोज जरांगे ने रविवार को कहा कि मुझे कोई भी गीदड़ भभकी ने दे, फिर चाहे वो नारायण राणे हो या कोई और। मैं किसी से नहीं डरता। मैं ओबीसी कोटे से ही आरक्षण ले कर रहूंगा। मेरा मराठा समाज भी ओबीसी से ही आरक्षण लेगा। हम देवेंद्र फडणवीस का सम्मान करते हैं। लेकिन नया क्या निकाल रहे हैं? पता नहीं। मेरा मानना है कि गरीबों की सत्ता आनी चाहिए। मैं ऐसे ही कदम उठा रहा हूं, जिससे गरीबों को लाभ होगा। यदि गरीबों का कल्याण करना है तो उन्हीं लोगों को सत्ता में बैठना चाहिए।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### टैक्स नोटिस का आतंक

**जीएसटी** की जटिल प्रक्रियाओं ने छोटे व्यापार को पंगु बनाने में अहम रोल निभाया है। देश का एमएसएमई सेक्टर आज संकट में है और उस कारण बेरोजगारी की समस्या विकराल हुई है, तो उसमें टैक्स नोटिसों के आतंक का भी बड़ा योगदान है। यह तो इंफोसिस कंपनी का रुतबा और सत्ता के ऊंचे हलकों तक पहुंच है, जिससे उसे भेजे गए जीएसटी नोटिस से राहत मिलती दिख रही है। कर्नाटक सरकार ने एक नोटिस वापस ले लिया है। खबरों के मुताबिक केंद्रीय परोक्ष कर बोर्ड एवं कस्टम विभाग ने भी अपने फील्ड अफसरों से 26 जून को भेजे गए सर्कुलर पर पुनर्विचार करने को कहा है। मगर इंफोसिस कंपनी को जिस तेजी से राहत मिली, वही सहूलियत छोटे कारोबारियों को नहीं है, जिनके सिर पर जीएसटी नोटिस की तलवार हमेशा ही लटकती रहती है। इस बात की चर्चा जीएसटी लागू होने के बाद से है, लेकिन सरकार ने उस ओर ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं की है। जीएसटी की जटिल प्रक्रियाओं और इसको लेकर बरती जाने वाली सरकारी सख्ती ने भारत में छोटे व्यापार को पंगु बनाने में अहम रोल निभाया है। देश का एमएसएमई सेक्टर आज संकट में है और उसकी वजह से बेरोजगारी की समस्या विकराल हुई है, तो उसमें टैक्स नोटिसों के आतंक का भी एक बड़ा योगदान है। इंफोसिस को 32,403 करोड़ रुपए का नोटिस भेजा गया था। नोटिस के मुताबिक उसे उन सेवाओं के लिए भेजा गया, जो कंपनी ने पांच साल तक (2017-22) अपनी विदेशी शाखा से ली थी। कई भारतीय आईटी कंपनियों की विदेशी शाखाएं हैं, जो उनके प्रोजेक्ट पर काम करती हैं और उनके अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों को भी सेवाएं देती हैं। इंफोसिस ने स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी में कहा कि इन खर्चों पर जीएसटी नहीं लगना चाहिए। आईटी कंपनियों के संगठन नैस्कॉम ने भी इंफोसिस का समर्थन किया और कहा कि यह नोटिस इस उद्योग के ऑपरेटिंग मॉडल के बारे में समझ की कमी को दिखाता है। ऐसा नहीं है कि सरकार ने इस तर्क को स्वीकार कर लिया हो। खुद नैस्कॉम ने कहा है कि लंबे समय से कई कंपनियां इस तरह के नोटिस का सामना कर रही हैं। इस वजह से उनका समय और संसाधन मुकदमों में जाया हो रहे हैं, अनिश्चितताएं पैदा हुई हैं और निवेशक चिंता में हैं। सवाल है कि क्या इन सभी कंपनियों को इंफोसिस जैसी राहत मिल पाएगी?

# टीएमयू में प्रो. द्विवेदी ने साझा किए रिसर्च के अनुभव

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के सीसीएसआईटी की रिसर्च कमेटी-सीआरसी की ओर से बेसिक एंड एडवासंड रिसर्च टूल्स को लेकर दो दिनी वर्कशॉप

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**



**सीसीएसआईटी** एंड एफओई के प्रिंसिपल प्रो. आरके द्विवेदी बोले, शोधार्थियों को पीएचडी करने में कडी मेहनत की दरकार है। शोध के प्रति जुनून होना चाहिए। शोध के दौरान होने वाली गलतियों से बचने के लिए अपने व्यक्तिगत शोध अनुभव भी साझा किए। प्रो. द्विवेदी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंग साइंसेज एण्ड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी की कॉलेज रिसर्च कमेटी-सीआरसी की ओर से बेसिक एण्ड एडवासंड रिसर्च टूल्स को लेकर दो दिनी वर्कशॉप में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पहले मां सरस्वती की वंदना के संग दीप प्रज्वलित करके कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। ब्लेंडेड मोड में आयोजित इस कार्यशाला में 4 सत्र हुए, जिनमें 8 रिसोर्स पर्सनस ने विभिन्न उपविषयों पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यशाला में 80 शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला के आयोजक डॉ. पराग अग्रवाल ने टीएमयू पीएचडी के विभिन्न प्रमुख बिदुंओं जैसे-अध्यादेश और एसओपी को गहनता से समझाया। डॉ. नूपाराम चौहान ने रिफरेंस मेनेजमेंट सॉफ्टवेयर की विभिन्न विशेषताओं, संदर्भ लेखन के महत्व, जबकि डॉ. रंजना शर्मा ने शोधर्थियों को रिसर्च पेपर के अनुक्रमण के लिए वेब ऑफ साइंस, स्कोपस जैसे विभिन्न डेटाबेस के बारे में चर्चा की। प्रो. अशोक कुमार शोध पत्र लेखन मे क्या करें और क्या न करें पर बोले। प्रो. अशेन्द्र कुमार सक्सेना ने अनुसंधान लेखन और प्रारूपण में दस्तावेजों को टाइप करने के लिए एस सॉफ्टवेयर प्रणाली और लेटेक्स सॉफ्टेवयर के उपयोग को बताया। डॉ. शभू भारद्वाज ने टीएमयू लाइब्रेरी में उपलब्ध ई-संसाधनों, जबकि डॉ. शालिनी निनोरिया ने एंडनोट-द साइटेशन एंड रेफरेंस मैनेजमेंट टूल पर व्यापक चर्चा की। कार्यशाला में श्री अमित विश्नोई, श्रीमती शिखा गंभीर, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. आरसी त्रिपाठी, श्री नवनीत विश्नोई, श्री आदित्य जैन, श्री विकास देसवाल, श्री विकास कुच्छल, श्री आरपी पांडेय, श्री आशीष विश्नोई, शोधार्थी सुश्री व्रतिका गुप्ता के संग-संग सीसीएसआईटी और एफओई के सभी रिसर्चफिलो उपस्थित रहे।

# सिरौली में सद्दाम का घर जलाने वालों को जेल भेजे पुलिस : अदनान रजा

**बरेली।** ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी (आरएसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी ने कहा है कि सिरौली के गाँव में मुस्लिम परिवार का घर जलाने और पुलिस वाहन तोड़ने वालों को जेल भेजा जाए। उन्होंने सेंथल में छात्र फरमान अली को उसकी दाढ़ी के कारण प्रताड़ित करने वाले प्रधानाचार्य को बर्खास्त करने की माँग भी की है। मौलाना अदनान रजा कादरी ने कहा कि सिरौली की घटना में लापरवाह पुलिसकर्मियों का निलंबन कर आला अधिकारियों ने अच्छा कदम उठाया है मगर उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि घर जलाने वाले सभी लोगों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाए। इससे कानून को हाथ में लेने वालों को कड़ा संदेश जाएगा कि वो जैसा चाहें वैसा नहीं कर सकते। नबीरा-ए-आला हजरत ने कहा कि जिनका घर तक जला दिया गया, अब उनका और उत्पीड़न नहीं होना चाहिए बल्कि उन्हें इंसाफ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरएसी इंसाफ दिलाने के लिए उनके साथ खड़ी है। मौलाना अदनान रजा कादरी ने सेंथल में नौवीं कक्षा के छात्र फरमान अली की दाढ़ी पर आपत्ति जताते हुए उसका उत्पीड़न करने वाले आजाद नौरंग इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राम अचल खरवर की बर्खास्तगी की माँग उठाई है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों के प्रति नफरत सड़क से लेकर स्कूल-कॉलेज तक पहुँच गई है। प्रधानाचार्य ने मुस्लिम बच्चों को तालीम से रोकने के लिए इस तरह कि हरकत की है उन्होंने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक और अन्य आला अधिकारियों को स्वतः संज्ञान लेकर प्रधानाचार्य पर कार्रवाई करनी चाहिए थी मगर वो अब भी मामले को टाल रहे हैं। नबीरा-ए-आला हजरत ने कहा कि इस मामले में आला अधिकारियों को प्रधानाचार्य को बर्खास्त करना होगा वरना पीड़ित को इंसाफ दिलाने के लिए आरएसी सामने आएगी।जल्द ही दोनों मामलों में अधिकारियों से मिलकर कार्यवाही कराई जाएगी।

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की हुई बैठक

**मुंबई हलचल/सालिम आजाद**

**मधुबनी।** जिले के समाहरणालय सभाकक्ष में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम हेतु जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में फाइलेरिया उन्मूलन रणनीति को लेकर विभाग के पदाधिकारियों के बीच लंबी बातचीत हुई एसीएमओ डॉ. आर.के.सिंह ने बताया कि मधुबनी शहरी व रहिका से प्राप्त सैंपल की जांच रिपोर्ट के अनुसार जिले के फाइलेरिया के विषाणु न के बराबर हैं, फिर भी बीमारी का गंभीरता को ध्यान में रखते हुए लोगों को सर्वजन दवा सेवन के तहत डीईसी गोली तथा अल्बेंडाजल की खुराक आवश्यक रूप से लेनी चाहिए। दो वर्ष से कम के बच्चे, गंभीर रूप से बीमार, एक हफ्ते पूर्व मां बनी माता तथा गर्भवती महिला के अतिरिक्त हर नागरिक को सावधानी बरतने के लिए दवा की खुराक लेनी चाहिए। डीईसी गोली तथा अल्बेंडाजल का कोई साइड इफेक्ट नहीं है।आगे उन्होंने बताया कि मधुबनी जिले में 10 अगस्त 2024 से प्रारंभ होकर 14 दिनों (27 अगस्त) तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाएगा। कार्यक्रम शहरी क्षेत्र (वार्ड 1-45) व रहिका प्रखंड मे चलाया जाएगा। जिसमें 4,12,527 लोगों को दवा खिलाई जाएगी, जिसके अन्तर्गत 2 वर्ष से ऊपर के सभी व्यक्तियों को दो प्रकार की दवायें खिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया शरीर को अपंग और कुरूप करने वाली बीमारी है। लिम्फेटिक फाइलेरिया को आमतौर पर हाथी पांव के नाम से जाना जाता है, यह संक्रमण वुचेरेरिया ब्रैनक्राफ्टी नामक परजीवी के काटने से होता है। इस बीमारी का संक्रमण आमतौर पर बचपन में ही हो जाता है। इसलिए ससमय दवाओं की खुराक लेकर इसके प्रभाव को कम किया जा सकता है बैठक में सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार भीमसारिया, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, नगर प्रबंधक नगर निगम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (जीविका), एसीएमओ डॉ आर.के. सिंह, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉक्टर डी.एस. सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पंकज मिश्रा, वेक्टर नियंत्रण पदाधिकारी राकेश कुमार रंजन, पिरामल के जिला लीड धीरज कुमार सिंह, पीसीआई के विशाल कुमार, सीफार के प्रमंडलीय समन्वयक अमन कुमार, लक्ष्मी कांत झा समेत विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# वीएसआईने अंग-विच्छेदन मुक्त भारत के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए वॉकथॉन का आयोजन किया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** राष्ट्रीय संवहनी दिवस के अवसर पर, विच्छेदन की रोकथाम और संवहनी स्वास्थ्य जागरूकता के महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया (वीएसआई) द्वारा मुंबई में एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया था। वॉकथॉन में 350 से अधिक निवासियों की उत्साही भागीदारी देखी गई, जो इस उद्देश्य में शामिल होने के लिए आरोग्यम धनसम्पदा कला क्रीड़ा और सांस्कृतिक केंद्र, मलाड में एकत्र हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री जितेंद्र परदेशी, अधीक्षक नगर निगम, ग्रेटर मुंबई थे और विशिष्ट अतिथि श्री राजेंद्र पन्हाले, पुलिस निरीक्षक, मुंबई, श्रीमती अनघा प्रकाश म्हात्रे, पूर्व नगर पार्षद, अध्यक्ष, आरोग्यम धनसम्पदा कला क्रीड़ा और सामाजिक संगठन मौजूद थी। मुंबई के वैस्कुलर और एंडोवास्कुलर




सर्जन डॉ. अमीश पी म्हात्रे, वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव डॉ तपीश साहू और वैस्कुलर सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ पी सी गुप्ता ने सहयोग किया। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, हर साल वैश्विक स्तर पर 1 मिलियन से अधिक अंग विच्छेदन होते हैं, जिनमें से एक महत्वपूर्ण हिस्से को शीघ्र हस्तक्षेप और जोखिम कारकों के उचित प्रबंधन के माध्यम से रोका जा सकता है। भारत में, लगभग 40-50% अंग विच्छेदन संवहनी रोगों, विशेषकर मधुमेह की जटिलताओं के कारण होते हैं। यह उच्च रक्त शर्करा, उच्च रक्तचाप और उच्च कोलेस्ट्रॉल जैसे जोखिम कारकों के प्रबंधन के लिए जागरूकता बढ़ाने और निवारक उपायों की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए मुंबई के वैस्कुलर और एंडोवास्कुलर सर्जन डॉ. अमीश पी म्हात्रे ने कहा, दीर्घकालिक संवहनी समस्याएं हाथ-पैरों में गंभीर ऊतक परिगलन का कारण बन सकती हैं, जिसके लिए अक्सर विच्छेदन की आवश्यकता होती है, प्रभावित लोगों में से लगभग आधे लोग पांच साल से अधिक जीवित नहीं रह पाते हैं। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव डॉ तपीश साहू ने कहा, हमारा उद्देश्य एक व्यापक संवहनी स्वास्थ्य देखभाल ढांचे की स्थापना करके सामुदायिक स्वास्थ्य को बढ़ाना है, जो अंग विच्छेदन मुक्त भारत के लिए प्रयास कर रहा है। वैस्कुलर सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ पी सी गुप्ता ने कहा, आज का आयोजन भारत में रोके जा सकने वाले विच्छेदन को कम करने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। राष्ट्रव्यापी भागीदारी संवहनी स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता और सार्थक परिवर्तन लाने में सामूहिक कार्रवाई की शक्ति को दर्शाती है।




**मुस्लिम लीग पार्टी की मुंब्रा कलवा विधानसभा टीम घोषित कि गई। Indian Union Muslim League - Mumbra Kalwa में लगभग 5000 सदस्य हैं जिस में 313 नेताओ की टीम अगस्त में ही तैयार कर लेंगे और यह 313 आने वाला विधानसभा चुनाव में मुस्लिम लीग पार्टी के उम्मीदवार के लिए पूरे दम खम से लड़ेंगे, इंशाल्लाह। मुंब्रा कलवा विधानसभा अध्यक्ष जहाँगीर निसार शेख को चुना गया और उनके मातहत 25 लोगों की एक्टिव टीम बनाई गई जिस का विवरण जल्द ही दिया जाएगा।**

# 5 दोस्तों ने बनाई शॉर्ट फिल्म, जीते 2 अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** टायसन न्यूटन फर्नांडीज, हर्ष दवाने, सोहम बिशोई, भावेश नांदोस्कर और गेब्रियल आशीर्वादम ने ₹द मर्सिनरी₹ नामक एक लघु फिल्म बनाई। इस लघु फिल्म ने सिनेफोन-अदजारा में सर्वश्रेष्ठ संगीत के उपयोग का पुरस्कार जीता और यूट्यूब आर्ट क्लब पावलोस पारसचकिस (ग्रीस) के स्वतंत्र वीडियो फिल्म समारोह में दर्शकों का पुरस्कार जीता। इस लघु फिल्म को 8 अंतर्राष्ट्रीय चयन और 1 सम्माननीय उल्लेख भी मिला। द मर्सिनरी को साल्टो 1 टीवी एनएल पर भी प्रसारित किया गया था और यह दुनिया भर में स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध थी। इस लघु फिल्म का निर्देशन किया है: टायसन फर्नांडीज, लेखक: टायसन फर्नांडीज, कलाकार: हर्ष दवाने और भावेश नांदोस्कर, छायांकन: सोहम बिशोई और टायसन फर्नांडीज, निर्माता: भावेश नांदोस्कर, संगीत निर्देशक: गेब्रियल आशीर्वादम।

# रामभद्राचार्य की टिप्पणी को लेकर आर्य समाजियो में आक्रोश

**कानपुर।** आर्य समाज एवं आर्यवीर दल ने स्वामी रामभद्राचार्य के उस वक्तव्य का पुरजोर विरोध करते हुए क्षमा मांगने की बात कही जिसमें उन्होंने कहा था कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती ने रामायण व महाभारत को काल्पनिक बताकर बहुत बडी भूल की थी। आर्य समाज कानपुर की प्रधान श्रीमती चंद्रकांता गेरा ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने अपने अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश में भगवान राम व भगवान कृष्ण को सर्वदा आदर्श पुरुष व आप्त पुरुष कहा है स्वामी दयानंद ने, राष्ट्रवाद व संस्कृति की रक्षा के लिए न केवल रामायण व महाभारत को ऐतिहासिक ग्रंथ स्वीकार किया है



बल्कि बालकों के पाठ्यक्रम में भी इसे शामिल करने का विधान किया है। मंत्री आनंद आर्य ने कहा कि रामभद्राचार्य जी के इस वक्तव्य से आर्य समाज से जुड़े करोड़ों लोगों के हृदय को गहरा आघात पहुंचा है। क्योंकि इस प्रकार के वक्तव्य से स्वामी दयानंद की अवमानना हुई है आर्य समाज व आर्य वीर दल संगठन में इस वक्तव्य के प्रति अत्यंत आक्रोश है। व्याकरणाचार्य डॉक्टर श्रुति कीर्ति ने कहा कि रामभद्राचार्य जी वेदों के मंत्रों की गलत व्याख्या करके वेदों में राम कथा दिखाने का निरर्थक प्रयास करते हैं जो वस्तुतः वेदों की गरिमा का हनन है। पाणिनी की अष्टाध्यायी व्याकरण का ग्रंथ है उसमें भी राम जी की कथा दिखाना अत्यंत निंदनीय है। आर्य समाज न केवल इस प्रकार की अनर्गल बातों का विरोध करता है बल्कि रामभद्राचार्य जी को शास्त्रार्थ की चुनौती भी देता है। रामभद्राचार्य जी के वक्तव्य के विरोध प्रदर्शन में आर्य कन्या इंटर कॉलेज द्वार पर शहर की समस्त आर्य समाजियों ने एकत्र होकर मांग की की या तो स्वामी जी अपने वक्तव्य के लिए क्षमा याचना करें अथवा शास्त्र की चुनौती को स्वीकार करें। सभा में चन्द्र कान्ता गेरा एवं आनन्द आर्य के अलावा सुभाष आर्य, सुरेंद्र कुमार गेरा, प्रकाश वीर आर्य, अनिल चोपड़ा, डॉक्टर संतोष अरोड़ा, अशोक कुमार आनंद, हरिश्चंद्र कनोत्रा,वेद प्रकाश आर्य, डॉक्टर श्रुति कीर्ति, शुभ कुमार वोहरा, उदयवीर सिंह ,संजय गुप्ता, शशि बाला चोपड़ा, ऋतंभरा आर्य ,संदीप राठौर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### राणे की चेतावनी

उन्होंने कहा कि राणे मुझे धमकी न दें। शनिवार को सिंधुदुर्ग बीजेपी की विस्तारित कार्यकारिणी के अधिवेशन का उद्घाटन सांसद नारायण राणे व पालक मंत्री रवींद्र चव्हाण ने किया था। इस दौरान राणे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने वाले उद्धव ठाकरे को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा, जबकि देवेंद्र फडणवीस की आलोचना करने वाले मनोज जरांगे की मराठवाड़ा जाकर खबर लेंगे।

### प्रकाश आंबेडकर के बयानों से गरमाई राजनीति

मराठा समाज और उनके सगे-सोयरे (संबंधियों) को ओबीसी कोटे से पूर्ण आरक्षण की मांग को लेकर लगभग डेढ़ साल पहले शुरू किया गया आंदोलन अब खतरनाक मोड पर पहुंच गया है। मराठा आंदोलनकारी मनोज जरांगे पाटिल की जिद के कारण ओबीसी और मराठा समाज के बीच टकराव की स्थित बनने लगी है। उस पर प्रकाश आंबेडकर ने रविवार को कहा कि कुणबी मराठों से ओबीसी आरक्षण को 100 प्रतिशत खतरा है। ओबीसी आरक्षण बचाओ रैली के दौरान वाशिम के पोहरादेवी पहुंचे आंबेडकर ने जातिवार जनगणना की मांग करते हुए कहा कि ओबीसी आरक्षण 100 फीसदी खतरे में है और यह खतरा चुनाव खत्म होने के बाद पैदा होगा। ऐसा कहते हुए उन्होंने ओबीसी समाज से अपील की कि वे इस विधानसभा चुनाव में कुणबी मराठा उम्मीदवार को वोट न दें। क्योंकि कुणबी मराठा असली ओबीसी नहीं हैं, इसलिए उनसे सावधान रहें।

### चलते-चलते फिर रुकी मुंबई की मोनो रेल

इस बारे में बात करते हुए समाजसेवी अनिल गलगली ने कहा कि रविवार को मोनो की सेवा न्यूनतम होती है। ऐसे में एक रैक खराब होता है तो उसे कारशेड लेकर जाने में समय लगता है। रविवार को इसी तरह की तकनीकी गड़बड़ी से यात्री परेशान हुए। एक घंटे में 1 गाड़ी की वजह से यात्रियों का परेशान होना स्वाभाविक है। महाराष्ट्र सरकार को इसपर ध्यान देने की आवश्यकता है। याद दिला दें कि मुंबई की मोनो रेल घाटे में चल रही है।

### महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार की संभावना

बताया जा रहा है कि सीएम शिंदे राज्य के मौजूदा सियासी हालातों एवं प्रलंबित समस्याओं से प्रधानमंत्री को अवगत करा कर समाधान के लिए उनसे मार्गदर्शन एवं मदद मांगने वाले हैं। गौरतलब हो कि शिवसेना में ऐतिहासिक बगावत के समय कई विधायकों ने मंत्री बनने के लालच में सीएम शिंदे का साथ दिया था लेकिन लगभग ढाई साल के सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में उन विधायकों को मंत्री बनने का मौका नहीं मिला। इससे विधायकों में नाराजगी है। विधायक संजय शिरसाट, बच्चू कडू सहित सीएम शिंदे समर्थक कई दूसरे विधायक खुलकर इसका इजहार कर चुके हैं। इनमें से कई विधायक सरकार आखिरी तीन महीनों में भी मंत्री बनने की उम्मीद पाले बैठे हैं। लोकसभा चुनाव में महायुति के निराशाजनक प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में विधायकों की इच्छा से सीएम शिंदे पीएम मोदी को अवगत कराने का प्रयास करेंगे। बता दें कि राज्य में विधानसभा चुनाव अक्टूबर-नवंबर में होने हैं। ऐसे में सभी राजनितिक दल इसकी तैयारियों में जुट गए हैं।

## वायनाड की भयानक त्रासदी

# अभी भी मिल रहे शव, तेजी से चलाया जा रहा रेस्क्यू ऑपरेशन

365 पहुंची मृतकों की संख्या • 30 बच्चे मरने वालों में शामिल

मुंबई हलचल / वायनाड

केरल के वायनाड में भयानक भूस्खलन से हर रोज डराने वाली तस्वीरें सामने आ रही हैं। मौत का आंकड़ा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। अभी भी सैकड़ों लोग लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है।

इसी बीच रविवार को कहा कि उत्तरी केरल के इस जिले में भूस्खलन प्रभावित इलाकों में छठे दिन भी बचाव अभियान जारी रहा। इसके साथ ही उन स्थानों पर अधिक बल और उपकरण तैनात किए जाएंगे जहां शव मिलने की संभावना अधिक है।

219 शव अब तक मिल चुके

143 से ज्यादा शरीर के टुकड़े मिले

206 लोग अभी भी लापता



**लोगों की हर संभव मदद की जाएगी, टाउनशिप भी बनाएंगे : केरल के मंत्री**

राज्य के पर्यटन मंत्री पीए मोहम्मद रियास ने कहा कि शिविरों और अस्पतालों में मौजूद लोगों को हर संभव मदद दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने पहचान और अन्य महत्वपूर्ण रिकॉर्ड खो दिए हैं उनकी मदद के लिए तत्काल हस्तक्षेप किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे कि भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा किसी भी तरह से बाधित न हो। जिला प्रशासन के अनुसार, शनिवार रात तक 219 शव और 143 से अधिक शरीर के टुकड़े बरामद किए गए, जबकि 206 लोग अभी भी लापता हैं।

### 40 किलोमीटर के इलाके में तलाशी अभियान शुरू


*बताया जा रहा है कि वायनाड, मलप्पुरम और कोझिकोड जिलों से होकर बहने वाली चालियार नदी के 40 किलोमीटर के इलाके में तलाशी अभियान जारी रहेगा, क्योंकि मलप्पुरम में नीलांबुर के पास कई शव और अवशेष बरामद हुए हैं। भूस्खलन से तबाह हुए मुंडक्कई और चूरलमाला क्षेत्रों में ऑपरेशन पिछले कुछ दिनों की तरह ही जारी रहेंगे और उन स्थानों पर अधिक बल और उपकरण आवंटित किए जाएंगे जहां मलबे के नीचे अवशेष मिलने की संभावना है।*

### भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं किया जाएगा



**नई दिल्ली।** सत्तारूढ़ भाजपा ने रविवार को वायनाड भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की विभिन्न मांगों को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों के तहत ऐसी कोई नीति मौजूद नहीं है। वरिष्ठ भाजपा नेता वी. मुरलीधरन ने अपने फेसबुक पेज पर इस बात को उजागर करते हुए 2013 के एक संसदीय दस्तावेज को साझा किया, जिसमें तत्कालीन गृह राज्य मंत्री मुल्लापल्ली रामचंद्रन ने पुष्टि की थी कि 'प्राकृतिक आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का कोई प्रावधान नहीं है।

### राहुल ने की थी नेशनल डिजास्टर की मांग



राहुल गांधी हाल ही में वायनाड के दौरे पर थे, जिस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने ऐसी त्रासदी केरल में कभी नहीं देखी, साथ ही राहुल गांधी ने इस आपदा को नेशनल डिजास्टर (राष्ट्रीय आपदा) कहा। वायनाड से पूर्व सांसद ने इसे वायनाड, केरल और राष्ट्र के लिए एक भयानक त्रासदी करार दिया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह निश्चित रूप से एक राष्ट्रीय आपदा है, लेकिन देखते हैं सरकार क्या कहती है।

### पुणे में कलेक्टर ने सेना से मांगी मदद

*महाराष्ट्र के पुणे में कलेक्टर ने भारतीय सेना से अनुरोध किया है कि खड़कवासला बांध से पानी छोड़े जाने के दौरान सेना की तैनाती रहे, जिससे किसी भी स्थिति को कंट्रोल किया जा सके। पुणे के एकता नगर इलाके में भारतीय सेना की तैनाती की जाएगी। पुणे के खड़कवासला, पावना, मुलशी, चसकमान बांध के जलग्रहण बांधों से बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है। फिलहाल खड़कवासला बांध से 27 हजार 16 क्यूसेक, मुलशी से 27 हजार 609 क्यूसेक, पवन से 5 हजार क्यूसेक, चसकमान बांध से 8 हजार 50 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।*

## खबर संक्षेप

### बंगाल स्कूल भर्ती घोटाला साहा के खिलाफ समन



**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बंगाल के विद्यालयों में भर्ती में कथित अनियमितताओं को लेकर जारी जांच के सिलसिले में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायक जीवन कृष्ण साहा को पूछताछ के लिए समन जारी किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। साहा को घोटाले में संलिप्तता के आरोप में सीबीआई ने पिछले साल गिरफ्तार किया थ।

### सहारनपुर में पटरी से ट्रेन के 2 डिब्बे उतरे,क्षति नहीं



**सहारनपुर।** पश्चिम उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में रविवार को रेल हादसा हो गया, जहां 01619 पैसेंजर ट्रेन पटरी से उतर गई। इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। हादसे में ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से नीचे उतरकर दूसरी लाइन पर चले गए। यह ट्रेन दिल्ली से सहारनपुर की ओर आ रही थी। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है और रेलवे अधिकारी मामले की जांच में जुट गए हैं।

### डॉक्टर दंपति ने की 1.27 करोड़ की धोखाधड़ी



**ठाणे।** नवी मुंबई के एक डॉक्टर दंपति पर एक दवा विक्रेता से 1.27 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

## गृह मंत्री शाह ने चंडीगढ़ में जलापूर्ति परियोजना का किया उद्घाटन

# मोदी सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी 2029 में 'एनडीए' फिर बनाएगा सरकार

*केंद्रीय गृह मंत्री ने विपक्ष को दिखाया आईना*

*ये भी कहा- 'स्मार्ट सिटी मिशन' के तहत शुरू की गई यह परियोजना, इससे जल का भंडारण सुनिश्चित होगा*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चंडीगढ़ के मनीमाजरा में चौबीस घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित करने वाली परियोजना का रविवार को उदघाटन किया। कुल 75 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित इस परियोजना से मनीमाजरा के एक लाख से अधिक निवासियों को लाभ मिलेगा, जिनमें मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, शिवालिक एन्क्लेव, इंदिरा कॉलोनी और शास्त्री नगर में रहने वाले लोग भी शामिल हैं।

उन्होंने विपक्षी दलों पर हमला बोला और कांग्रेस को आईना दिखाते हुए यह दावा किया कि 2029 में भी एनडीए की सरकार बनेगी और नरेंद्र मोदी पीएम बनेंगे। 'स्मार्ट सिटी मिशन' के तहत शुरू परियोजना का उद्देश्य निरंतर उच्च दबाव आपूर्ति के माध्यम से इसके भंडारण को कम करके पानी की बर्बादी को रोकना है। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया भी इस अवसर पर उपस्थित थे।





### चिंता न करें, आएंगे तो मोदी ही

*केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन न केवल अपना कार्यकाल पूरा करेगा बल्कि 2029 में भी सरकार बनाएगा। मगर, आप चिंता मत कीजिए। वर्ष 2029 में भी राजग ही सत्ता में आएगा, नरेंद्र मोदी ही आएंगे।*

**5 साल का कार्यकाल पूरा करेंगे**

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि मैं विपक्ष के मित्रों को आश्वासन देना चाहता हूं कि यह सरकार न केवल 5 साल का अपना कार्यकाल पूरा करेगी बल्कि अगला कार्यकाल भी इसी सरकार का होगा। विपक्ष में बैठने के लिए तैयार रहें और विपक्ष में प्रभावी ढंग से काम करना सीखें। पंजाब के राज्यपाल व केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### 22 किमी लंबी जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाई, दो भूमिगत जलाशय बनवाए गए

परियोजना के अन्य उद्देश्यों में रिसाव में कमी, 'स्मार्ट मीटरिंग', भूजल पर सीमित निर्भरता और ऊर्जा खपत की निगरानी के माध्यम से जल संवर्धन शामिल हैं। इस परियोजना के लिए कुल 22 किलोमीटर लंबी जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाई गई है और दो भूमिगत जलाशय बनाए गए हैं। कुल 75 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित इस परियोजना से मनीमाजरा के 1 लाख से अधिक निवासियों को लाभ मिलेगा।

### विपक्ष को जो करना है करे नकारात्मकता न फैलाए

शाह ने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि विपक्ष को जो करना है करने दीजिए। 2029 में एनडीए आएगा, मोदी जी आएंगे। विपक्ष को पता नहीं है कि कांग्रेस को 3 चुनावों में जितनी सीटें मिलीं, उससे ज्यादा सीटें इस चुनाव में भाजपा ने जीती हैं। ये लोग जो अस्थिरता फैलाना चाहते हैं, बार-बार कहते हैं कि यह सरकार चलने वाली नहीं है। मैं उन्हें विश्वास दिलाने आया हूं कि न केवल सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी बल्कि अगली सरकार एनडीए की होगी और विपक्ष में बैठने के लिए तैयार रहें और विपक्ष में काम करने का तरीका ठीक से सीखें। उन्होंने कहा कि अनिश्चितता का माहौल बनाने का मंसूबा पाले ये लोग बार-बार कहते हैं कि यह सरकार नहीं चलेगी।'

### महाराष्ट्र में सियासी गरमी पर राय ने कहा

### शाह हैं देश के दुश्मनों के दुश्मन



महाराष्ट्र में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। विधानसभा चुनाव के ऐलान में अभी काफी वक्त बाकी है लेकिन राज्य की सियासत अभी से गरम है। महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय तक दोस्त रहे भाजपा और ठाकरे परिवार अब जमकर एक-दूसरे पर शब्द बाण चला रहे हैं। अब भाजपा नेता नित्यानंद राय ने उद्धव ठाकरे पर पलटवार किया है। उद्धव ठाकरे ने शनिवार को अमित शाह को अहमद शाह अब्दाली का राजनीतिक वंशज बताया था। उद्धव ठाकरे के इसी बयान पर रिएक्ट करते हुए नित्यानंद राय ने कहा कि देश के दुश्मनों का दुश्मन है अमित शाह। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे कांग्रेस पार्टी द्वारा लिखी स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं और बार-बार हिंदुओं को कष्ट देकर उद्धव ठाकरे बाला साहेब की आत्मा को दुख पहुंचा रहे हैं।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हादसा

# स्लीपर बस-कार की टक्कर में 7 की मौत व 40 घायल



मुंबई हलचल / इटावा

उत्तर प्रदेश के इटावा में बीती रात आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादस हुआ। यहां एक डबल डेकर बस और कार की भीषण टक्कर हो गई। यहां अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है और 40 लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसे पर एसएसपी इटावा संजय कुमार वर्मा ने बताया कि हादसे में 7 लोग मारे गए हैं।

उन्होंने कहा कि रायबरेली से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस की रात करीब 12:30 बजे एक कार से टक्कर हो गई। बस में 60 लोग सवार थे, जिनमें से 4 लोगों की मौत हो गई और करीब 20-25 लोग घायल हो गए। कार में सवार 4 लोगों की भी मौत हो गई। सभी घायलों को इलाज के लिए आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

### अचानक गलत सइड में पहुंची कार

एक्सप्रेसवे के चैनल नंबर 129 जिले के थाना उसराहार में शनिवार की रात करीब एक बजे बस के सामने अचानक से रॉन्ग साइड पर अनियंत्रित एक कार आ गई। इससे बस और कार की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इसके बाद बस अनियंत्रित होकर खंदी में पलट गई।

### मृतकों की हो रही शिनाख्त

हादसे में कार सवार प्रधुम (24) पुत्र अरविंद सिंह निवासी ठिटोली तालग्राम कन्नौज, मोनू (25) पुत्र ब्रजेश प्रताप निवासी गधीया तालग्राम कन्नौज, चंदा देवी मोनू की मां पति का नाम ब्रजेश प्रताप की हादसे में मौत हुई है। बस में सवार ओमप्रकाश (50) पुत्र असर्फी निवासी भरसरीया खीरी, जिला लखीमपुर खीरी व तीन अज्ञात की मौत है गई।

## इधर, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बड़ा हादसा

### ट्रक में घुसी कार, 4 लोगों की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के सवाई माधोपुर में बड़ा दर्दनाक सड़क हादसे का मामला सामने आया है। यहां दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर ऋषिकेश से लौट रहे एक परिवार की कार ट्रक में घुस गई। इस हादसे में 4लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर कार आगे चल रही थी। तभी पीछे से आ रहा ट्रक बेकाबू होकर कार में घुस गया। हादसे के बाद भी ट्रक चालक करीब एक किलोमीटर तक कार को घसीटता हुआ ले गया। इसके बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। हादस में कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार लोगों शव बुरी तरह चिपक गए। ऐसे में पुलिस को भी शवों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।


## शांति बहाली की जमीन हो रही तैयार, मुख्यमंत्री लालदुहोमा जाएंगे इंफाल

# मणिपुर में हिंसा रोकने के लिए मिजोरम के सीएम कूकी-जो और मैतेई समुदायों के बीच करेंगे मध्यस्थता

» मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने गृहमंत्री शाह से की थी बात

» शीघ्र ही किसी ठोस नतीजे पर पहुंचने की संभावना





फाइल फोटो

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा पिछले करीब 16 महीने से मणिपुर में जारी हिंसा के मद्देनजर कूकी-जो और मैतेई समुदायों के बीच बातचीत की मध्यस्थता करेंगे। इसके लिए वे मणिपुर की राजधानी इंफाल जाएंगे। मुख्यमंत्री के करीबी सूत्रों के मुताबिक मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में लालदुहोमा को मणिपुर आने का निमंत्रण दिया था। इसके बाद मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि वह मणिपुर जाएंगे। हालांकि, उन्होंने दोनों समुदायों के बीच मध्यस्थता के सवाल पर कोई बात नहीं की। 28 जुलाई को नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री लालदुहोमा की मुलाकात गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह से हुई थी।

### आदिवासी नेताओं के संग बातचीत करें

लालदुहोमा ने गृहमंत्री शाह को सलाह दी थी कि वे मणिपुर के कुकी-जो के प्रतिनिधि संगठन इंडीजीनस ट्राइबल लीडर्स फोरम के प्रतिनिधियों के साथ गृहमंत्री शाह सीधे बातचीत करें। मणिपुर के मुख्यमंत्री सिंह ने गुरुवार को मणिपुर विस सत्र के दौरान कहा था कि मैतेई और कूकी-जो के बीच शांति वार्ता की जमीन तैयार हो रही है। शीघ्र ही किसी ठोस नतीजे पर पहुंचने संभावना जताई जा रही है। मणिपुर जातीय संकट को लेकर मिजोरम से मुख्यमंत्री लालदुहोमा काफी चिंतित हैं। उन्होंने शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक कर जातीय संकट को हल करने की कोशिशों के तहत कुकी समुदाय के आदिवासी नेताओं संग बातचीत की अपील की थी।

### पूर्व में संबंधित मामलों को लेकर हुई थी चर्चा

*पहले भी हुई थी चर्चा मणिपुर सीएमओ के एक अधिकारी ने कहा कि पिछले हफ्ते नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक के दौरान सीएम बीरेन सिंह ने मिजोरम के सीएम लालदुहोमा और नागालैंड के सीएम नेफ्यू रियो के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा की।*

### 10 करोड़ की मंजूरी के लिए शाह का आभार

*मिजोरम से मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने मिजोरम में शरण लेने वाले विस्थापित लोगों के लिए 10 करोड़ रुपए मंजूर करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री शाह का आभार भी जताया। बता दें कि फरवरी 2021 में शुरू हुए संघर्ष के बाद देश में सैन्य अधिग्रहण के बाद म्यांमार से 35,120 से ज्यादा शरणार्थियों ने मिजोरम में शरण ली, जबकि 2,000 से ज्यादा बांग्लादेशी आदिवासी नवंबर 2022 से मिजोरम में रह रहे हैं।*

### हिंसा के बाद मिजोरम में ली शरण

*पिछले साल मई में जातीय हिंसा भड़कने के बाद मणिपुर के आंतरिक रूप से विस्थापित 4,215 लोग मिजोरम के कई जिलों में शरण ली। मणिपुर में हिंसा के बीच 12,000 से ज्यादा आईडीपी ने मिजोरम में शरण ली। हालांकि कई लोग अपने राज्य वापस लौट चुके हैं।*

## सैन्य अभ्यास के दौरान भारतीय वायु सेना



**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास पिच ब्लैक 24 के दौरान भारतीय वायु सेना ( आईएएफ) के जवानों की विमानों के साथ तस्वीर।

### अमेरिका ने कहा जल्द लेबनान छोड़े



**वॉशिंगटन।** इजराइल और लेबनान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर अमेरिका और ब्रिटेन ने अपने नागरिकों को लेबनान छोड़ने की सलाह दी है। शनिवार को लेबनान की राजधानी बेरूत में अमिरेकी एम्बैसी ने एक्स पर पोस्ट में कहा- अमेरिका जाने वाली कई फ्लाइट्स कैंसिल और सस्पेंड हो गई हैं। हालांकि, लेबनान छोड़ने के ऑप्शन अभी भी हैं। जो भी लेबनान छोड़ना चाहते हैं, कोई भी टिकट लेकर तुरंत लेबनान छोड़ दें। इसके बाद ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा- लेबनान में मौजूद ब्रिटिश नागरिकों के लिए मेरा स्पष्ट संदेश है - तुरंत वहां से निकलें। हम लेबनान में एम्बैसी की स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। तनाव बहुत ज्यादा है और स्थिति कभी भी बिगड़ सकती है। अमेरिका और ब्रिटेन के अलावा कई अन्य देशों ने भी अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने को कहा है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# तालीम ऐसी जागीर है जो मरते दमतक साथ रहेती है - पूर्व विधायक मुजफ्फर हुसेन

## बगैर तरबियत के तालीम मुकम्मिल नही हो सकती : सैफुल्लाह खान

### विदर्भ वेलफेअर असोसिएशन कि ओर से 200 मेधावी छात्रो को शिक्षण पुरस्कार से नवाजा गया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मीरा रोड।** तालीम ऐसी जागीर है जो मरते दमतक साथ रहेती है। ऐसा प्रतिपादन पुर्व विधायक मुजफ्फर हुसेन ने अपने अध्यक्षीय भाषण में मेधावी छात्रो को शिक्षण पुरस्कार के कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा। उन्होने कहा कि तालीम एक ऐसी गहना है जो कि चुराया नही जा सकता। मीरा रोड में रविवार 4 अगस्त को स्टार बँकेट हॉल गुलिस्तान सोसायटी मे विदर्भ वेलफेयर एसोसिएशन कि ओर से मीरा भयंदर यूनिट ने समाज के होनहार विद्यार्थियों का सत्कार एंव शिक्षण पुरस्कार के कार्यक्रम का आयोजन किया था। जिसमे विदर्भ असोसिएशन कि ओर से 200 छात्रो को शिक्षण पुरस्कार कि ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। सबसे पहले कुरान की तिलावत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। उसके बाद मरहुम नजर हुसेन जी के जिंदगी पर रौशनी डाली गई। इस ताजीयानी जलसा मे मरहुम नजर हुसैन के कार्यो को याद किया गया और बाद मे विदर्भ वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यों की मालूमात दी गई प्रमुख अतिथि पूर्व विधायक मुजफ्फर हुसैन और विदर्भ वेलफेयर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सम्माननीय सैफुल्लाह खान साहब इनकी मुबारक हाथों से समाज के सभी होनहार छात्रों को शिक्षण अवार्ड देकर सम्मानित किया गया छात्रों के कैरियर में अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रस्तावित किया




गया। इस दौरान समाज के 10 वीं एवं 12वीं कक्षा में गुणवत्ता प्राप्त विद्यार्थियों व शिक्षा के व्यतिरिकत अन्य क्षेत्रों में प्राविण्य प्राप्त युवक, युवतियों का सत्कार किया गया। इस शुभ अवसर पर प्रमुख अतिथी में पूर्व विधायक मुजफ्फर हुसैन साहब चीफ गेस्ट के लिए आमंत्रित किया गया था विदर्भ वेलफेयर एसोसिएशन के मुंबई अध्यक्ष सम्माननीय सैफुल्लाह खान ने मरहुम नजर हुसैन साहब कि जिंदगीपर रौशनी डाली और कहा कि नजर हुसैन साहब कि जिंदगी को सामने रखकर सबक लेकर आगे आए. छात्र और उनके पेरेंट्स को कॅरीअर के बारे मे किंमती मार्गदर्शन और दिया। उन्होने कहा की जिंदगी तो एक जंगली जानवर भी गुजार देता है। जंगली जानवर भी अपने बच्चो को अपने पैरो पर खडे होने तक पूरी फीकर करते है। उन्होने कहा कि हम एक मोमिन है और मोमिन कि जिम्मेदारी बहोत बड जाती है। हमे बहोत कुछ करना है सिर्फ अपने बच्चो को पालपोस कर बच्चो को कुछ बना दिया यह हमारी जिंदगी नही है। इस्लाम में बहोत से बुजुर्ग गुजरे है बहोत से अच्छे लिडर भी गुजरे है हमे उनसे सबक लेना चाहिए। ऐसा कीमती मार्गदर्शन सैफुल्लाह खान ने दिया। कमोबेश 200 छात्रों को शिक्षण पुरस्कार (अवार्ड) से नवाजा गया मीरा भायंदर यूनिट का यह सराहनीय कार्य देखकर विदर्भ वेलफेयर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सैफुल्लाह खान साहब को बहुत खुशी हुई. यूनिट के कार्य की उन्होंने तारीफ की। समाज के जो मेधावी छात्र आर्थिक कारणों से आगे पढने की इच्छा के बावजूद पढ नहीं पाते ऐसे विद्यार्थियों को किस तरह मदद कर सकते है, साथ ही साथ जो युवक, युवती ग्रेज्युएट, पोस्ट ग्रेज्युएट होने के बावजुद बेरोजगार है। ऐसे युवकों को तकनीकि, औद्योगिक प्रशिक्षण तथा मार्गदर्शन देकर स्वयं पैरो पर खडे करने हेतु समिती व्दारा मार्गदर्शन किया गया। इस शिक्षण पुरस्कार कार्यक्रम में डॉ. असदुल्लाह खान गाझी, जुबैर कुरेशी, डॉक्टर कलीम जिया, खालीद साहब, डॉक्टर मारूफ, एडवोकेट एस ए खान, मकसूद अली, डॉक्टर असद उल्लाह, मजीद भाई, कबीर शेख ,फैजुल्ला शेख, नासिर सर, शरीफ उद्दीन सर ,कबीर शेख, जाकिर सौदागर, साकिब सर, आरिफ शेख, अब्दुर रहमान शेख, गालिब जमादार, शाहिद भाई , नियमत पटेल अशफाक शेख, , हाजी शकील जमादार, विदर्भ यूनिट के मीरा भायंदर प्रेसिडेंट फैजुल्लाह शेख, अब्दुल रहमान शेख अब्दुल मजीद पत्रकार जफरसिद्दीकी, हाजी अब्दुल शकिल जमादार, हज कमिटी के फिरोज शेख, खालीद अख्तर, अन्सार सुफी, आरीफ शेख, परवेज साहिल, नजमुद्दीन शेख, शाहबुद्दीन, शफकतअली, अजहर शेख, मुन्तजिमोद्दीन इकबाल अहमदखान, सोहेल अहमद, मोहम्मद रफी, हसन शेख, बहोत सारे विदर्भ असोसिएशन के मुंबई के पदाधिकारी एंव युनिट पदाधिकारी,कार्यकर्ता और विद्यार्थी और उनके पॅरेन्ट्स कि मौजुदगी थी।इस कार्यक्रम का सूत्र संचालन डॉक्टर कलीम जिया साहब ने किया।

# मध्य प्रदेश में थम नही रहे पत्रकार उत्पीड़न की घटनाएं :नीमच मे दो पत्रकार हुए शिकार

## प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स ने सौंपा मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन

**दिल्ली।** मध्य प्रदेश मे दो दशक से अधिक समय से भाजपा की सरकार है उसके बावजूद प्रदेश में पत्रकार समाज पर अत्याचार, झूठे बेबुनियाद आरोप और प्रताड़नाओ पर अंकुश नही लग रहा है। पूर्व मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान के चुनावी शगूफे के बावजूद प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून अस्तित्व में नही आना सरकार के दोगलेपन को उजागर करता है, यह आरोप लगाते हुए प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर सैयद खालिद कैस एडवोकेट ने नीमच जिले के रामपुरा में दो पत्रकारों के खिलाफ रामपुरा पुलिस द्वारा छात्रावास अधीक्षक की शिकायत पर मामला दर्ज करने



की निंदा करते हुए घटना की उच्च स्तरीय जांच की माँग का ज्ञापन मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक सहित नीमच पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन प्रेषित किया। गौरतलब हो कि नीमच जिले के रामपुरा पुलिस ने व्यक्तिगत द्वेषता के चलते पत्रकार मुकेश राठौर और उसके साथी के खिलाफ छात्रावास अधीक्षक की झुठी शिकायत पर मामला दर्ज किया, वहीं पुलिस ने भी पत्रकारों से व्यक्तिगत द्वेषता रखते हुए उनका नगर में जुलूस निकाला है। प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर सैयद खालिद कैस एडवोकेट ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय की 2017 के पत्रकार सुरक्षा हेतु बनाई गई गाइड लाइन के विपरीत पुलिस द्वारा पत्रकारों के खिलाफ शिकायतों पर बिना जाँच के मुकदमा दर्ज किये जाते हैं। प्रदेश में निष्पक्ष पत्रकारिता का दमन निरंतर जारी है। प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून नितांत आवश्यक है।

# ये कॉलेज है, मदरसा नहीं छात्र को प्रधानाचार्य ने कॉलेज से बाहर निकाला

## सोशल मीडिया पर प्रधानाचार्य का वीडियो वायरल आरोप दाढ़ी कटवाने को कहा

**बरेली।** छात्र के दाढ़ी नहीं कटवाने पर प्रधानाचार्य ने उसे कॉलेज से बाहर निकाल दिया। सोशल मीडिया पर प्रधानाचार्य का वीडियो वायरल हो गया। जिसमें प्रधानाचार्य दाढ़ी पड़ टिपड़ी करते सुनाई दे रहे हैं। पीड़ित छात्र के बड़े भाई ने मुख्यमंत्री और जिला अधिकारी से शिकायत की है। बरेली के हाफिजगंज थाना क्षेत्र के नई बस्ती के रहने वाला छात्र फरमान अली नौरंग इंटर कॉलेज में पढ़ता है। वह 9वीं का छात्र है। आरोप है कि कॉलेज का प्रधानाचार्य छात्र पर दाढ़ी कटवाने का दबाव बना रहे हैं। नहीं कटवाने पर नाम काटने और फैल करने की धमकी दे रहे हैं। इस मामले में फरमान अली के भाई ने शिकायत जिला अधिकारी और मुख्यमंत्री से की है। छात्र ने बताया कि वह 31 जुलाई को कॉलेज गया तो उसे प्रधानाचार्य ने बहुत सुनाया। कहा कि ये कोई मदरसा नहीं है, पढ़ना है तो दाढ़ी कटवाओ, यहां ऐसे नहीं पढ़ने दूंगा। इतना कहकर प्रधानाचार्य ने कॉलेज से बाहर निकाल दिया।



शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले विद्यालयों में इस तरह का बरताव वो भी एक प्रधानाचार्य द्वार शर्मनाक है। ये प्रधानाचार्य उसी मानसिकता से पीड़ित हैं जो सब्जी,फल बेचने वाले व्यक्ति के ठेलो पर नेम प्लेट लगाने की बात करते हैं। स्कूल कॉलेज में ऐसे मानसिकता वालो पर प्रशासन को कानूनी करवाई करनी चाहिए।

**इं अनीस अहमद खान (सपा प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक)**

दाढ़ी रखना इस्लाम में सुन्नत है प्रिंसिपल द्वारा दाढ़ी कटवाने के संबंध में एक बेहद दुखदाई विडिओ वायरल हुआ है जिसमें प्रधानचार्य द्वारा छात्र की दाढ़ी कटवाई जाने पर दबाव बना रहे हैं। प्रिंसिपल द्वारा इस तरह की बात करना जो नाकाबिल ए बर्दाश्त है।

**सलमान हसन (राष्ट्रीय अध्यक्ष जमात रजा ए मुस्तफा)**

# किडनी को रखना है स्वस्थ तो करें इन जड़ी-बूटियों का सेवन

भागदौड़ भरी जिंदगी में गलत खान-पान के कारण किडनी से संबंधित समस्याएं बढ़ती जा रही है। किडनी शरीर का खास हिस्सा है जो शरीर से विषैले पदार्थ को बाहर निकालने में मदद करती है और शरीर को रोगों से बचाती है। इसलिए स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। अगर आप चाहते हैं आपकी किडनी सही तरीके से काम करें तो दिन में अधिक से अधिक पानी पीएं और कुछ जड़ी बूटियों की भी मदद ले सकते हैं। इन जड़ी बूटियों से किडनी स्टोन, किडनी कैंसर और किडनी से संबंधित अन्य समस्याओं से बचा जा सकता है। आज हम आपको ऐसी जड़ी बूटियों को बारे में बताएंगे, जिसे इस्तेमाल करके आप अपनी किडनी को स्वस्थ रख सकते हैं।

**1. अजमोद हर्ब**
इसमें लूटेओलिन एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है जो शरीर से विषैले पदार्थ फ्री रेडिकल्स को बाहर निकाल कर किड्नी को स्वस्थ रखने में मदद करता है। अजमोद में विटामिन ए और सी भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं।

**2. धतूरे की जड़**
किडनी को मजबूत करने में धतूरे की जड़ काफी मददगार है। यह रक्त शुद्धिकरण करने में भी मदद करती है। इसके सेवन से शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले एसिड और विषैले पदार्थ बाहर निकलते हैं। यह पिट्यूटरी ग्रंथि से प्रोटीन को बाहर निकाल कर हार्मोन में संतुलन बनाएं रखता है।



**3. अमरबेल हर्ब**
अमरबेल पौधे के पीले फूल रक्त की शुद्धिकरण में मदद करते हैं। यह किडनी के अलावा लीवर को भी स्वस्थ रखता है।

**4. करौंदा जड़ी बूटी**
यह बहुत फायदे की जड़ी बूटी है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट किडनी से यूरिक एसिड को बाहर निकालने में मदद करता है। इसमें यूरिया निकालने की क्षमता होती है।

**5. सिंहपर्णी की जड़**
यह लीवर और किडनी से विषैले पदार्थों को बाहर निकाल कर उनकी कार्य करने की क्षमता को बढ़ाती है। यह भी रक्त शुद्धिकरण में मदद करता है।

**6. मंजिष्ठा हर्ब**
इसे आयुर्वेद में बहुत अच्छा माना गया है। यह किडनी के अलावा रक्त से भी विषैले पदार्थों को बाहर निकाल कर शुद्ध करता है।

**7. गोल्डनरॉड (Goldenrod)**
गोल्डनरॉड के सेवन से किडनी में मौजूद विषैले पदार्थ बाहर निकलते है और यह किडनी को मजबूत रखने में मदद करता है।

**8. गुडुची(Guduchi)**
किडनी को स्वस्थ रखने में यह बहुत कारगार उपाय है। गुडुची रक्त में होने वाले विषैले पदार्थों को बाहर निकालता है इसलिए इसका सेवन धूम्रपान और शराब पीने वाले लोगों के लिए काफी फायदेमंद होता है।

# पार्लर से नहीं, घर पर इन 5 आसान स्टेप से करें बॉडी पॉलिशिंग



खूबसूरती के लिए लड़कियां कई ब्यूटी ट्रीटमेंट लेती है, जिसमें से एक है बॉडी पॉलिशिंग। बॉडी पॉलिशिंग आपके पूरे शरीर की खूबसूरती बढ़ाने का सबसे लाजवाब तरीका है। इससे बॉडी पर न सिर्फ ग्लो आता है बल्कि इससे पूरे शरीर की स्किन सॉफ्ट और स्मूद भी हो जाती है। लड़कियां पार्लर में जाकर बॉडी पॉलिशिंग पर पैसे खर्चती हैं लेकिन आप घर पर भी आसान स्टेप से बॉडी पॉलिशिंग कर सकते हैं। इससे आपके पैसे भी बच जाएंगे और कोई नुकसान भी नहीं होगा।

**क्या होती है बॉडी पॉलिशिंग**
बॉडी पॉलिशिंग एक ऐसा ट्रीटमेंट है, जिससे पूरे शरीर को एक्सफोलिएट और मॉइश्चराइज्ड किया जाता है। इससे आपको सन डैमेज और डिहाईड्रेट स्किन से राहत मिलती है। इसके अलवा नियमित रूप से हर महीने 1 बार बॉडी पॉलिशिंग करने से डेड सेल्स निकल जाते हैं और शरीर में नए सेल्स बनते हैं। इसे कराने से शरीर में ऑक्सीजन स्पलाई भी अच्छी तरह होती है।

**बॉडी पॉलिशिंग के लिए जरूर सामान**
**स्क्रब**
**प्यूमिस स्टोन**
**जैतून का तेल**

**इस तरह करें बॉडी पॉलिशिंग**

**स्टेप-1**
बॉडी पॉलिशिंग करने के लिए सबसे पहले एक तौलिए को गर्म पानी में भिगोएं और इससे पूरे शरीर को साफ करें। आप चाहें तो शरीर को साफ करने के लिए गुनगुने पानी से शॉवर भी ले सकती हैं।

**स्टेप-2**
शरीर को साफ करने के बाद जैतून के तेल को गुनगुना कर लें। इसके बाद इससे चेहरे और शरीर पर मसाज करके 5-10 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद शरीर को साफ कर लें।

**स्टेप-3**
तेल साफ करने के बाद पूरे शरीर पर स्क्रब लगाएं। इसके लिए आप घर में चीनी और शहद को मिलाकर भी स्क्रब बना सकती हैं। आप चाहें तो अपनी स्किन टाइप के हिसाब से मार्केट में मिलने वाले स्क्रब का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।

**स्टेप-4**
इसके बाद प्यूमिस स्टोन की मदद से कोहनी, घुटने, एड़ियों और शरीर के सख्त हिस्से को साफ करें। शरीर के बाकी हिस्सों को चेहरे को हाथ से रगड़ कर साफ कर लें।

**स्टेप-5**
5-10 मिनट बाद गुनगुने पानी से शॉवर ले लें। शॉवर लेने के बाद मॉइश्चराइजिंग क्रीम लगाएं। बॉडी पॉलिशिंग करने के करीब 2-3 दिन तक नहाते समय साबुन का इस्तेमाल न करें।

## एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स दबाएं और हर बीमारी का समाधान पाएं

पैरों के एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स: शरीर में कई ऐसे प्रेशर प्वाइंट्स होते हैं, जिनका कनेक्शन शरीर के दूसरे भागों से होता है। हाथों-पैरों के इन प्वाइंट्स को दबाकर रोगों का इलाज किया जा सकता है। पैरों के इन प्वाइंट्स को रोज 10 या 15 मिनट तक दबाकर कई बीमारियों से राहत पाई जा सकती है। पैरों के इन एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स को अच्छी तरह और सही तरीके से दबाकर आप मांसपेशियों की ऐंठन या जकड़न, ब्लोटिंग, अपच, भूख से संबंधित समस्या को दूर कर सकते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि पैरों के नीचे मौजूद किन एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स को दबाकर आप बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं।

# बच्चों में शुरू से डालें ये 5 आदतें, कभी नहीं होगी दिल की बीमारी

दुनियाभर में दिल के रोगों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हर साल करोड़ों लोग हृदय रोगों के कारण अपनी जान गंवाते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण बचपन से ही खान-पान की गलत आदत और कम शारीरिक मेहनत है। इसी कारण बच्चों में भी हार्ट के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अगर बच्चों में बचपन से ही कुछ आदतें डाली जाएं, तो उनमें दिल की बीमारियों की आशंका कम होती है और वो एक स्वस्थ और लंबा जीवन जी सकते हैं।

**पढ़ाई के साथ खेल और एक्सरसाइज**
आजकल माता-पिता बच्चों को हर समय पढ़ने की नसीहत देते हैं। मनोवैज्ञानिक आधार पर देखें तो बच्चे एक दिन में 8-10 घंटे से ज्यादा पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। इसमें स्कूल में पढ़ाई का समय भी शामिल है। पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों की फिजिकल फिटनेस भी जरूरी है। इसलिए बचपन से ही बच्चों को आउटडोर गेम्स के लिए प्रेरित करें और रोज कम से कम आधा घंटा एक्सरसाइज करवाएं। बच्चों को एक्सरसाइज करवाने के लिए आप भी एक्सरसाइज करें। इससे आप भी फिट रहेंगे। रोजाना आधा घंटा एक्सरसाइज करके आप दिल की बीमारियों की आशंका को 60 प्रतिशत तक कम कर सकते हैं।


**हेल्दी डाइट की आदत डालें**
दिल को स्वस्थ रखने का सबसे आसान तरीका है स्वस्थ और पौष्टिक आहार खाना। इसके लिए बच्चों को बचपन से ही कम शुगर और कम नमक खाने की आदत डालवाएं। इसके अलावा अनहेल्दी फैट युक्त आहार, हाई कैलोरी फास्ट फूड्स और जंक फूड्स बहुत कम खाने दें। किसी स्पेशल मौके पर कुछ फास्ट फूड्स खाए जा सकते हैं मगर उन्हें



भी आप स्मार्टली हेल्दी तरीके से बना सकती हैं। फल और सब्जियां खूब खिलाएं। रोजाना सुबह चार बादाम और एक ग्लास दूध आपके लाडले को दिन भर एनर्जी और पोषण भी देंगे और इससे बच्चों की मेमोरी पावर भी अच्छी हो जाएगी। दिल के लिए सबसे घातक होता है कोलेस्ट्रॉल, नमक और चीनी इसलिए खाने में इन तीनों का संतुलन जरूरी है।

**वजन न बढ़ने दें**
बच्चों में आजकल मोटापे की समस्या बहुत ज्यादा हो रही है। मोटापे की वजह से कई तरह के गंभीर रोगों की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए बचपन से ही बच्चों को मोटापे से दूर रखें। अगर बच्चे रेगुलर एक्सरसाइज करेंगे और हेल्दी डाइट लेंगे, तो उनका वजन कंट्रोल रहेगा और बॉडी फिट रहेगी। इससे उनका विकास यानि शरीर की लंबाई, चौड़ाई और मजबूती भी अच्छी रहेगी। वजन कंट्रोल करने में नियम का पालन बहुत जरूरी है। पूरे परिवार के खाने का समय और सोने का समय तय कर दीजिए। अनियमित जीवन के कारण कई बार हेल्दी चीजें खाने के बावजूद आप बीमार पड़ सकते हैं।

**ब्लड प्रेशर पर नजर रखें**
स्वस्थ जीवन के लिए ब्लड प्रेशर का सही होना बहुत महत्वपूर्ण है। दिल की बीमारियों की मुख्य वजह भी ब्लड प्रेशर ही होता है। ब्लड प्रेशर पर नजर रखने के लिए इसे रेगुलर बेसिस पर चेक करते रहना जरूरी है। ब्लड प्रेशर बताता है कि आपके दिल को आपके शरीर के लिए ब्लड पंप करने में कोई परेशानी तो नहीं हो रही है।









दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# वीर पहाड़िया को डेट कर रही हैं मानुषी छिल्लर



मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद से ही उनके रिलेशनशिप और डेटिंग की खबरें आने लगी हैं। इस वीडियो में मानुषी अपने बॉयफ्रेंड के साथ दिखाई दे रही हैं। बताया जा रहा है कि ये वीडियो उनके सीक्रेट वेकेशन का है। इसमें वो अपने कथित बॉयफ्रेंड वीर पहाड़िया के साथ रोमांटिक होती दिख रही हैं। अक्षय कुमार के साथ 'सम्राट पृथ्वीराज' में काम कर चुकी मानुषी और वीर पहाड़िया की डेटिंग की खबरें पहले भी आई थीं। दोनों को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में भी साथ देखा गया था। वीर और मानुषी साथ में स्टेज पर डांस करते दिखे थे। लेटेस्ट वीडियो में दोनों को क्रूज पर देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में जाह्नवी कपूर क्रूज पर अपनी तस्वीरें क्लिक कराती दिख रही हैं और उनके बगल में मानुषी छिल्लर और वीर पहाड़िया दिख रहे हैं। वीडियो में मानुषी वीर के कंधे पर सिर रखकर बैठी हैं और रोमांस फरमाती दिख रही हैं। इस वीडियो को देखने के बाद लोग कह रहे हैं कि वीर और मानुषी एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।



## जब परफेक्ट शॉट के लिए तापसी ने खाए 7 थप्पड़

बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू 1 अगस्त को अपना बर्थडे सेलिब्रेट की हैं। तापसी अपनी हर फिल्म अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों के इंप्रेस कर देती हैं। अपनी दमदार एक्टिंग के दम पर तापसी कई अवॉर्ड्स भी जीत चुकी हैं। बीते दिनों तापसी की फिल्म 'थप्पड़' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में तापसी ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया जो अपनी लाइफ में हिंसा को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करती है और अपने पति से एक पार्टी में थप्पड़ खाने के बाद वो उसे छोड़ देने का फैसला करती हैं। इस फिल्म की कहानी का एक सीन इतना महत्वपूर्ण था कि तापसी ने इस शॉट को परफेक्ट करने के लिए 7 थप्पड़ खाए थे। तापसी पन्नू ने कहा था कि मेरा को-स्टार पावेल इस बात से घबराया हुआ था कि उसे मुझे जोर से थप्पड़ मारना है। वो इतना ज्यादा डरा हुआ और बेचैन था कि उसे मानसिक तौर पर इस शॉट के लिए तैयार होने में दो दिन लग गए। तापसी ने कहा था कि मुझे इस शॉट को परफेक्ट करने में काफी रीटेक लग गए। फिल्म में केवल एक ही थप्पड़ दिखाया गया। लेकिन इस शॉट को पूरा करने में मुझे 7 थप्पड़ यानी 7 रीटेक लगे। मुझे लगता है कि मैंने पूरी फिल्म में इतने रीटेक नहीं दिए हैं।

## सनी देओल की 'बॉर्डर 2' में दिलजीत दोसांझ की एंट्री

सनी देओल की 'गदर 2' की सक्सेस के बाद 'बॉर्डर 2' की अनाउंसमेंट की गई। इस क्लासिक फिल्म की रिलीज का दर्शक दिल थामकर इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की स्टार कास्ट लंबे वक्त से सुर्खियों का हिस्सा बनी हुई है। सनी देओल जहां एक बार फिर से मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। इसी बीच 'बॉर्डर 2' में सनी देओल के साथ अब एक और एक्टर की एंट्री हो गई है। 'बॉर्डर 2' के साथ पंजाबी सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ का नाम जुड़ गया है। अब दिलजीत फिल्म में सनी देओल के साथ नजर आएंगे। हालांकि अगर ये खबर कंफर्म होती भी है तो इसमें कोई हैरानी नहीं होगी। क्योंकि दिलजीत लगातार फिल्म के डायरेक्टर अनुराग सिंह के साथ कॉन्टेक्ट में थे। फिल्म की बाकी स्टार कास्ट से भी अभी तक पर्दा नहीं उठा है। वहीं दिलजीत का 'बॉर्डर 2' में क्या और किस तरह का रोल होगा, इसकी जानकारी भी सामने नहीं आई है। दिलजीत दोसांझ पहले भी 5 फिल्मों में डायरेक्टर के साथ काम कर चुके हैं। वहीं अगर आयुष्मान खुराना की कास्टिंग की बात की जाए, तो अभी तक उनके नाम का फाइनल होने का प्रोसेस जारी है। आयुष्मान के नाम पर अभी तक फाइनल स्टैंप नहीं लगी है। खबरें तो ये भी हैं कि सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी भी स्टार कास्ट में शामिल होंगे।

